सं. ए-38020/04/2023-Ad.V (Part-1)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
प्रशासन प्रभाग

कर्त्तव्य भवन 3, कार्यकक्ष-35076 नई दिल्ली-110001,
दिनांक: 26 अगस्त 2025

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: 'कर्मयोगी टॉक्स' के लिए स्पीकर नामांकन की रिक्वेस्ट - नेशनल लर्निंग वीक 2025 के संबंध मे।**

अधोहस्ताक्षरी को यह सूचित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है कि क्षमता विकास आयोग (CBC) ने गृह मंत्रालय, को DO दिनांक 20 अगस्त 2025 द्वारा सूचित किया है कि सरकार की विभिन्न मंत्रालयों, विभागों एवं संस्थाओं (MDOs) में सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में 'नेशनल लर्निंग वीक' NLW) एक महत्वपूर्ण प्रारंभिक पहल बन चुकी है।

2. अब क्षमता विकास आयोग (CBC) **NLW 2025** का दूसरा संस्करण शुरू कर रहा है, जिसमें **'कर्मयोगी टॉक्स'** नामक वेबिनार श्रृंखला's आयोजन होगा, जो **i-GOT Karmayogi प्लेटफ़ॉर्म** पर होस्ट की जाएगी। इसमें कुल **30 सत्र** होंगे, जिनमें विषय विशेषज्ञ और प्रसिद्ध विचारक निम्नलिखित जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे:

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)
- सेवा भाव
- गवर्नेंस इनोवेशन
- नई टेक्नोलॉजीज़
- सामाजिक बदलाव

3. क्षमता विकास आयोग (CBC) अपनी ओर से कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों को चयनित कर रहा है, साथ ही मंत्रालयों/विभागों से सरकार के बाहर से ऐसे **एक्सपर्ट्स, थॉट लीडर्स** या **स्पीकर्स** के नाम सुझाने का आग्रह भी किया गया है, जो सार्वजनिक प्रशासन में नवाचार और नए विचारों को प्रेरित कर सकें।

4. तदनुसार, सभी प्रभागों से भी अनुरोध है कि यदि आपके पास ऐसे इच्छुक स्पीकर्स का सुझाव हो, तो कृपया उनके नामों का प्रस्ताव एवं संपर्क विवरण क्षमता विकास आयोग (CBC) को सीधा निम्नलिखित **ई-मेल nlw-cbc@gov.in** पर भेजें। यह जानकारी **27 अगस्त 2025** तक अवश्य भेज दी जाए, जिससे नामांकन प्रपत्र (नमूना पृष्ठ संलग्न) के साथ इन्हें NLW 2025 के **'कर्मयोगी टॉक्स'** में शामिल किया जा सके।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।।

**संलग्न: उपरोक्त अनुसार**

(विश्वजीत कुमार गुप्ता)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 2309 3666
ई-मेल:vishvajeet.gupta@nic.in

सेवा में,

1. गृह मंत्रालय के सभी संबंधित प्रभाग प्रमुख।

Scanned with OKEN Scanner

क्रमांक./No. H-14064/1(MiscMHAMatters)/2022-CDN
भारत सरकार / Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय / Directorate of Coordination
पुलिस बेतार / Police Wireless

International Year of Cooperatives 2025

खंड संख्या 9/ Block No. 9,
केन्द्रीय सरकार कार्यालय परिसर /CGO Complex,
लोधी रोड, नई दिल्ली-3/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक / Dated 11 सितंबर 2025

**परिपत्र**

**विषय : 'कर्मयोगी टाक्स' के लिए स्पीकर नामांकन की रिक्वेस्ट – नेशनल लर्निंग वीक 2025 के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय पर प्रशासन प्रभाग, गृह मंत्रालय से प्राप्त कार्यालय ज्ञापन संख्या 38020/04/2023-Ad.V (Part 1) दिनांक 26.08.2025 **(प्रतिलिपि संलग्न)**, जो कि स्वयं व्याख्यात्मक है, आवश्यक कार्यवाही हेतु परिचालित किया जाता है ।

2. अतः निदेशालय के वे अधिकारीगण जो LEAD TRAINER अथवा MASTER TRAINER के लिए परिशिक्षित हो गए है, कृपया इस सम्बन्ध में अपना नामांकन अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 12.09.2025 तक प्रेषित करने का कष्ट करें ताकि जानकारी गृह मंत्रालय को अग्रसित की जा सके ।

11/9/2025

(हेमंत कुमार)
उप निदेशक (समन्वय)

प्रेषित : आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. LEAD TRAINER
2. MASTER TRAINERS
3. सहायक निदेशक (आईटी) – डीसीपीडब्ल्यू वैबसाइट पर अपलोड हेतु।

प्रेषित: कृपया जानकारी हेतु।

1. व्यक्तिगत सचिव, निदेशक महोदय
2. निजी सहायक, अपर निदेशक (मुख्यालय)
3. निजी सहायक, अपर निदेशक (संचालन)

Scanned with OKEN Scanner